# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन चौथी बार बने झारखंड के मुख्यमंत्री, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ।**
- **शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री और इंडी गठबंधन के नेता हुए शामिल।**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यभार संभाला, विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद अपने मंत्रिमंडल का करेंगे गठन।**
- **दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान फेंगल का झारखंड में दो दिसंबर तक दिखेगा असर, तीन दिसंबर के बाद बढ़ेगी ठंड।**
- **68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में झारखंड की बालिका टीम ने राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप का खिताब जीता।**

****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता हेमंत सोरेन ने आज चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के मोरहाबादी मैदान में एक समारोह में श्री सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सहित इंडिया गठबंधन के नेता शामिल हुए। समारोह में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, वरिष्ठ राजद नेता तेजस्वी यादव और सीपीआई (एमएल) महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण करने के बाद श्री सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन पहुंचकर कार्यभार संभाला।

विधानसभा में विश्वास मत जीतने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने मंत्रिमंडल का गठन करेंगे। विश्वास मत के बाद मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। 81 सदस्यीय विधानसभा में, इंडिया ब्लॉक ने 56 सीटें हासिल कीं हैं। वहीं, बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए ने 24 सीटें जीतीं हैं। एक सीट झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के खाते में गयी है।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये श्री मोदी ने श्री सोरेन को नये कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं। इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य की नयी सरकार को बधाई देते हुए उम्मीद जतायी है कि झारखंड देश में अपना अलग स्थान बना पाने में कामयाब होगा।

****************

इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि यह सरकार जनता के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

****************

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है। श्री मरांडी ने उम्मीद जतायी है कि हेमंत सोरेन चुनाव के समय जनता से किए गए हर वायदे को दृढ़ता से धरातल पर उतारेंगे।

****************

भाजपा विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल ने आज रिम्स में बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्री मुंडा की बेहतरी के लिए भाजपा हर संभव प्रयास जारी रखेगी। पार्टी के दोनों नेताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी मंगल मुंडा के स्वास्थ्य एवं इलाज की व्यवस्था की जानकारी ली। गौरतलब है कि पिछले दिनों मंगल मुंडा दुर्घटना में गंभीर रूप से घाय़ल हो गए थे।

****************

हजारीबाग जिले में कृषि को बढ़ावा देने के लिए कृषि वैज्ञानिकों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन सह ईस्ट जोन मीट का आयोजन किया गया। सम्मेलन में झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिसा और बिहार समेत कई राज्यों के कृषि वैज्ञानिक और छात्र शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. सुनील चन्द्र दुबे ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से किसानों को लाभ मिलता है।

****************

देवघर जिले में नया समाहरणालय बनकर तैयार हो चुका है। नये साल में यह भवन जिला प्रशासन को हैंड ओवर कर दिया जायेगा।

****************

55वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज गोवा में एक भव्य समारोह के साथ संपन्न हो जाएगा। समापन समारोह में भारतीय सिनेमा की कुछ प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। इस अवसर पर प्रतिष्ठित गोल्डन पिकॉक अवार्ड सहित कई पुरस्कार दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों की प्रतिस्पर्धा में भारत की तीन फिल्मों सहित 15 फिल्में शामिल हैं। नौ दिन के इस फिल्मोत्सव में कई सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गये। विभिन्न भाषाओं और शैलियों की करीब 180 फिल्में दिखाई गईं।

****************

दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव से उठे फेंगल चक्रवाती तूफान का झारखंड में असर दिखेगा। मौसम विभाग के अनुसार दो दिसंबर तक आसमान में बादल छाये रहेंगे और कहीं–कहीं बारिश भी हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस तूफान का प्रभाव खत्म होते ही न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी, जिससे ठंड और बढ़ेगी।

****************

हरियाणा में खेली गयी 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप का खिताब झारखंड की बालिका टीम ने जीत लिया है। फाइनल में झारखंड ने हरियाणा को 5–2 से हराया। झारखंड की ओर से रोशनी आइंद ने दो, जबकि शांति कुमारी, अंकिता लकड़ा और बिरन हस्सा ने एक–एक गोल किये। इससे पहले सेमीफाइनल में झारखंड ने पंजाब को 4–0 से हरा कर बड़ी जीत दर्ज की थी। हॉकी के अलावा झारखंड को अंडर–17 बालकों के वुशु और एथलेटिक्स रेस वॉक में भी चार पदक मिले।

******समाप्त*******